हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार, 28 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 15.7 डिग्री
न्यूनतम 5.2 डिग्री

13 कर्मठ पराक्रमी बनने का दिया संदेश



14 गिरफ्तारी के आश्वासन पर धरना समाप्त



# तीसरे दिन भी छाया रहा कोहरा, नहीं हुए सूर्य देव के दर्शन, बढ़ी और ठंड

## मौसम ने बदली करवट तापमान 7 डिग्री लुढका | सुबह दृश्यता 10 मीटर रही शाम को 5 मीटर तक सिमटी | सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए, लाइन में चलते दिखे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

मौसम में बदलाव के साथ शुरू हुआ कोहरा लगातार तीसरे दिन भी सोनीपत में छाया रहा। सोमवार और मंगलवार को जहां दिन में धूप निकल गई थी, वहीं बुधवार को तो पूरा दिन ही सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। पूरा दिन जिला कोहरे की चादर में समाया रहा, दोपहर बाद तो कोहरा और अधिक बढ़ता गया, जिसके कारण ठंड भी बढ़ गई। कोहरे की वजह से जिले में हाइवे पर दृश्यता 10 मीटर तक ही सीमित रही, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्यता 5 मीटर तक ही रही। जिसकी वजह से सड़कों पर वाहन रेंगते हुए नजर आए। वहीं बढ़े हुए कोहरे और सूर्य देव के दर्शन ना होने की वजह से सोनीपत का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में बढ़ती ठंडक और कोहरे के कारण गेहूं उत्पादक किसानों के चेहरे पर खुशी हैं, क्योंकि ये मौसम गेहूं के लिये फायदेमंद है।



**परिचालन प्रभावित**

घने कोहरे के कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। दृश्यता कम होने से ट्रेनों की गति पर ब्रेक लगे हैं। जिस कारण ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं।
*दीपक कुमार*, जन संपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे, दिल्ली।

### किसानों के चेहरे खिले

कोहरा छाने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड बढ़ने से गेहूं उत्पादक किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। उधर कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि अभी सर्दी पड़नी शुरू हुई है जो आगे और बढ़ेगी। सर्दी बढ़ने से गेहूं व सरसों की फसल को फायदा होगा। ठंड बढ़ने पर ही गेहूं समेत रबी की फसल को ग्रोथ मिलेगी। शहरी क्षेत्रों में कोहरे की सघनता थोड़ी कम रही, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरा बहुत अधिक सघन दिखाई दिया। पूरा दिन सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए, दिन में कोहरा थमने के बाद शाम को फिर से बढ़ना शुरू हो गया।

### 14 घंटे तक की देरी से चली ट्रेनें

वातावरण में कोहरे के कारण ट्रेनें रफ्तार नहीं पकड़ पाई। घने कोहरे के कारण लंबी दूरी की ट्रेनें अपने निर्धारित समय से करीब 14 घंटे तक की देरी से चली। जिसका खामियाजा यात्रियों को उठाना पड़ा। लंबी दूरी की ट्रेनें देरी से चलने के कारण सवारी गाड़ियां भी प्रभावित रही। कोहरे के कारण दिल्ली-अंबाल रूट की करीब 20 ट्रेनें प्रभावित रही। स्टेशन पर यात्री ट्रेनों का इंतजार करते रहे। दोपहर तक कोहरे का प्रभाव कुछ कम होने के बाद ही ट्रेनों ने थोड़ी रफ्तार पकड़ी। दृश्यता कम होने के कारण लंबी दूरी की ट्रेनें घंटों देरी से चली। इसका असर सवारी गाड़ियों पर भी पड़ा। रन थ्रू जाने वाली ट्रेनों को निकालने के लिए चक्कर में सवारी गाड़ियों को विभिन स्टेशनों पर रोकना पड़ा। जिस कारण सवारी गाड़ियां भी आधे से एक घंटे तक की देरी से चली।

**अप ट्रैक की ट्रेनें**

| गाड़ी सं. | ट्रेन का नाम | स्थित |
|---|---|---|
| 11841 | गीता जयंती एक्सप्रेस | 14:00 घंटे |
| 12925 | पश्चिम एक्सप्रेस | 02:40 घंटे |
| 11057 | अमृतसर एक्सप्रेस | 02:00 घंटे |
| 12011 | कालका-शताब्दी एक्सप्रेस | 02:00 घंटे |
| 14507 | बठिंडा एक्सप्रेस | 02:40 घंटे |
| 12459 | इंटरसिटी एक्सप्रेस | 01:35 घंटे |
| 12311 | नेताजी एक्सप्रेस | 03:20 घंटे |
| 04471 | पीएनसी | 01:00 घंटे |
| 18309 | संभलपुर एक्सप्रेस | 03:10 घंटे |
| 11077 | झेलम एक्सप्रेस | 01:45 घंट |

**डाउन ट्रैक की ट्रेनें**

| गाड़ी सं. | ट्रेन का नाम | स्थित |
|---|---|---|
| 14034 | जम्मू मेल | 03:30 घंटे |
| 14554 | हिमाचल एक्सप्रेस | 03:00 घंटे |
| 18310 | संभलपुर एक्सप्रेस | 02:30 घंटे |
| 11057 | अमृतसर एक्सप्रेस | 04:00 घंटे |
| 11078 | झेलम एक्सप्रेस | 03:30 घंटे |
| 14508 | बठिंडा एक्सप्रेस | 05:00 घंटे |
| 12460 | सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 01:45 घंटे |
| 04452 | कुरुक्षेत्र-दिल्ली मेमू | 01:00 घंटे |
| 15708 | आम्रपाली एक्सप्रेस | 02:30 घंटे |
| 11842 | गीता जयंती एक्सप्रेस | 07:10 घंटे |

## खबर संक्षेप



### राजेश कुमार बने खंड खरखौदा के प्रधान

**खरखौदा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला निजामपुर खुर्द में खरखौदा खंड के शिक्षकों की बैठक हुई। जिसमें राजेश कुमार को सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खरखौदा खंड का प्रधान चुना गया। नरेंद्र मलिक को महासचिव, संदीप कुमार को कोषाध्यक्ष, हरजिंद्र कुमार को उप प्रधान, प्रवीण कुमार को सचिव और सुनील अरोड़ा को ऑडिटर चुना गया। पर्यवेक्षक विनोद राणा और रोहतक से विजय हुड्डा ने नई कार्यकारिणी को पद और संघ के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई।

### खरखौदा में खेत से ट्यूबवेल की मोटर चोरी

**खरखौदा।** सिसाना गांव के एक खेत से ट्यूबवेल की मोटर चोरी हो गई है। नरेश ने बताया कि रात के समय चोरों ने उसके खेत में लगे ट्यूबवेल की मोटर चोरी कर ली है। सुबह जब वह अपने खेत में गया तो उसे ट्यूबवेल पर लगी मोटर दिखाई नहीं दी। मोटर चोरी होने की सूचना पुलिस को दी गई।

### विज्ञापन एजेंसी का यूनिपोल चोरी, केस

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर गांव राई के पास चोरों ने विज्ञापन एजेंसी का यूनिपोल चोरी कर लिया। राई थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। खन्ना रोड पानीपत निवासी जयदीप ने बताया कि वह विज्ञापन एजेंसी चलाते हैं। उन्होंने एक यूनिपोल गांव राई के पास स्थित चाप-शॉप के पीछे खाली पड़ी जमीन पर रखवाया था। वह दोबारा वहां गए तो यूनिपोल नहीं मिला।


### नर्सिंग अधिकारी आज दो घंटे रखेंगी हड़ताल

**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल समेत सभी सरकारी अस्पतालों में नर्सिंग अधिकारी मांगों को लेकर गुरुवार को दो घंटे तक हड़ताल रखेंगी। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक उनकी हड़ताल रहेगी। इस दौरान आपातकालीन कक्ष व प्रसूति वार्ड में सेवाएं निरंतर जारी रखेंगी। उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है, तो वह अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चली जाएंगी।

## ग्रील काटकर अंदर घुसे
# नागरिक अस्पताल के शवगृह में लगाई सेंध

**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल के शवगृह में चोरों ने सेंध लगा दी। चोरों ने शवगृह की दीवार में बनाई गइ्र खिड़की की ग्रील काट दी। उसके बाद अंदर रखे सामान को चोरी कर लिया। शवगृह में तैनात चिकित्सक ने मामले की शिकायत सेक्टर-27 शहर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाकर नमूने एकत्रित किए है। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। शवगृह में ईचार्ज डा. पंकज केशवानी ने बताया कि किसी ने शवगृह की दीवार में लगी खिड़की की ग्रील काटकर अंदर से सर्जीकल यंत्रों सहित 1200 रुपये की नकदी चोरी कर ली। मामले को लेकर डायल-112 पर कॉल देकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने चिकित्सक के बयान पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई देवेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

■ चिकित्सक के बयान पर पुलिस ने किया केस दर्ज



### गन्नौर में कैंटर की टक्कर से बाइक चालक और उसका भाई घायल

**गन्नौर।** गन्नौर रोड पर कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल चालक व उसका भाई घायल हो गए। घायलों को खानपुर मेडिकल भर्ती करवाया गया। मोटरसाइकिल के चालक ने शिकायत थाना गन्नौर में दी है। झज्जर के गांव छारा निवासी राकेश ने बताया कि 26 दिसंबर को ताऊ के लड़के ललित के साथ मोटरसाइकिल पर रिश्तेदारी में गांव खेड़ी गुज्जर आया था। जब वापस लौट रहे थे तो गन्नौर रोड पर बने मुर्गी फार्म के पास पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे कैंटर ने टक्कर मार दी। हादसे में वह और भाई घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद कैंटर चालक कैंटर को लेकर फरार हो गया।

# दुकान पर छापा, ई-सिगरेट व विदेशी सिगरेट बरामद

सीएम फ्लाइंग और सिविल लाइन थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन के बाहर दुकान पर मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता व सिविल लाइन थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन के बाहर दुकान पर छापा डालकर ई-सिगरेट व विदेशी सिगरेट बरामद की है। ई-सिगरेट व विदेशी सिगरेट की कीमत करीब पांच लाख बताई है। सिविल लाइन थाना में नियुक्त एसआई राकेश ने पुलिस को बताया कि मुख्यमंत्री उड़नदस्ता में शामिल इंस्पेक्टर सुनील कुमार व एएसआई राजेश की टीम को सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के बाहर दुकानदार ई-सिगरेट व विदेशी सिगरेट बेच रहा है। जिस पर संयुक्त टीम बनाई गई है। इसमें इंस्पेक्टर सुनील व एएसआई के साथ ही गुप्चर विभाग से इंस्पेक्टर जसमेर व एसआई संजय की टीम ने दुकान पर छापा डाला। वहां पर सेक्टर-14 निवासी सुमित कुमार मिला। पुलिस ने दुकान से 250 डिग्बी ई-सिगरेट व 479 विदेशी सिगरेट बरामद की। पुलिस ने सुमित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने बताया कि विदेशी सिगरेट पर चेतावनी नहीं होती। यह प्रतिबंधित की गई है।

**टीम निगरानी कर रही**

टीम को ई-सिगरेट व विदेशी सिगरेट बेचने की सूचना मिलते छापा डाला। मौके से ई-सिगरेट व विदेशी सिगरेट मिली है। इनमें हानिकारक तंबाकू उत्पाद होते हैं। जिसके चलते सरकार ने इसे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर रखा है। मेरी टीम इस पर निगरानी रख लगातार कार्रवाई कर रही है। -**अजीत सिंह**, डीएसपी मुख्यमंत्री उड़नदस्ता

**दिल्ली का युवक करता है सप्लाई**

पुलिस का कहना है कि पूछताछ में आरोपी सुमित ने बताया कि उनके पास इंसाफ नाम का युवक सप्लाई करता है। उसका मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया है। पुलिस उसका पता लगाएगा।

## चिकित्सकों की हड़ताल
## रजिस्ट्रेशन काउंटर पर खड़े मरीज






### पूरे दिन भर में 1500 की ओपीडी 30 तक सिमटी

**सोनीपत।** सरकारी चिकित्सकों की हड़ताल के चलते जिला नागरिक अस्पताल, सीएचसी व पीएचसी में ओपीडी बंद रही। सरकारी अस्पतालों के 37 चिकित्सकों ने हड़ताल रखी, इनमें जिला अस्पताल के 20 चिकित्सक शामिल रहे। अस्पतालों में मरीज इलाज के लिए ओपीडी खुलने का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर पर हाल के दिनों में दिन भर में करीब 1500 मरीजों का रजिस्टेशन होता था। चिकित्सकों की हड़ताल के चलते ओपीडी सेवाएं बंद रही। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से किए प्रबंध धरातल पर शून्य मिले। दिन भर में महज 30 मरीजों को रजिस्ट्रेन काउंटर पर होने की जानकारी मिली है।

# अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रो. रामदिया ने एक साथ जीते तीन पदक

**गोहाना।** हरियाणा राज्य वेटरन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में धनाना निवासी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सेवानिवृत एसोसिएट प्रो. रामदिया जाटायन ने एक साथ 2 स्वर्ण सहित तीन पदक झटक लिए। उन्होंने ये पदक 80 प्लस आयु वर्ग में जीते। इस उपलब्धि के आधार पर उनका चयन 13 से 16 फरवरी तक पुणे में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए किया गया है। गुरुग्राम स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में 24 से 25 दिसंबर तक उक्त चैंपियनशिप आयोजित की गई। प्रो. रामदिया ने इस चैंपियनशिप में 5 किलोमीटर दौड़ और 5 किलोमीटर वॉक दौड़ में स्वर्ण पदक जबकि 1500 मीटर में रजत पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में 30 वर्ष से लेकर 100 वर्ष तक की आयु के 700 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रामदिया न केवल बुजुर्गों बल्कि युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि उनकी देखभाल के लिए उनका पोता तनवीर, पोती निमिषा और उनकी दादी कलावती साथ गए थे। पोता उनके साथ दुबई में हुई अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भी उनकी सेवा के लिए साथ गया था। वे कहते हैं कि वो उनके दादा को अकेला नहीं छोड़ते।

**वर्ल्ड कप जीतना है लक्ष्य:** सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रो. रामदिया जाटायन का कहना है कि उनका अगला लक्ष्य 2024 में न्यूजीलैंड में होने वाले वर्ल्ड कप को जीतना है। वे फिलहाल इसी वर्ल्ड की तैयारियों में जुटे हुए हैं।



**गोहाना।** अपने द्वारा जीते गए पदक पोती निमिषा के गले में पहनाए हुए प्रो. रामदिया जाटायन, साथ में हैं उनकी पत्नी कलावती। फोटो : हरिभूमि

स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते पदक, राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन
■
5 किमी दौड़ और 5 किमी वॉक दौड़ में सब को पछाड़ा

### निर्माणाधीन मकान व मंदिर से चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने निर्माणाधीन मकान व मंदिर से नकदी व सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुनील निवासी बारोटा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव अकबरपुर बारोटा निवासी युवती ने 26 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि गत 24 दिसबंर को उसे मकार के साथ बने मंदिर व उसके साथ कृष्ण निवासी खेड़ी मनाजात के निर्माणाधीन मकान से मशीन चोरी हो गई। वहीं मंदिर से 50 से 60 हजार रुपये की राशि चोरी हो गई। जांच अधिकारी अनुप कुमार की टीम ने चोर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से चोरी की नकदी से 1500 रुपये व पत्थर काटने वाली मशीन व तार बरामद की है।

### ठेके पर आग लगाने व धमकी देने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

मोहाना थाना पुलिस ने आग लगाने व जान से मारने की धमकी देने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमित उर्फ मीता निवासी पिनाना गांव का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

गांव सलारपुर माजरा निवासी प्रवेश ने 23 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उन्होंने गांव बोहला माजरा में शराब ठेका खोल रखा है। ठेके पर गांव सलारपुर माजरा का जयभगवान सेल्समैन है। जयभगवान गत शनिवार को ठेके पर मौजूद था। तभी पिनाना का अमित साथियों के साथ उनके ठेके पर आया था। आरोपित ने रंजिशन सेल्समैन को बाहर निकाल दिया और ठेके में आग लगा दी। जिससे अंदर रखी शराब की 18 पेटी आग में जल गई। उसके बाद सेल्समैन को मारने की धमकी देकर भाग गए। सेल्समैन ने उन्हें मामले से अवगत कराया।



**न्यायिक हिरासत में भेजा**

जांच अधिकारी उप निरीक्षक दलबीर ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।






टीवी आर्टिस्ट्स

# न्यू ईयर हेल्थ रेजॉल्यूशंस

न्यू ईयर पर रेजॉल्यूशन लेने का ट्रेंड है। टीवी के कुछ आर्टिस्ट भी न्यू ईयर पर रेजॉल्यूशन लेते हैं। **हरिभूमि** को तीन टीवी आर्टिस्ट बता रहे हैं अपना न्यू ईयर हेल्थ रेजॉल्यूशन।

## नए साल में अपनी फिटनेस पर फोकस करूंगा: दर्शन गुर्जर



**सोनी सब** के सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में दर्शन गुर्जर, चिराग की भूमिका निभा रहे हैं। न्यू ईयर पर वह क्या रेजॉल्यूशन लेने वाले हैं, सवाल पूछने पर कहते हैं, 'मैं सकारात्मक बदलावों के बारे में सोच रहा हूं। इस साल मैं मुख्य रूप से अपनी फिटनेस को पटरी पर लाने पर फोकस करूंगा। मेरा बॉडी बिल्डर बनने के लिए कोई टारगेट नहीं है। मैं ऐसे काम करना चाहता हूं, जिनसे मुझे खुशी मिले। सुबह पुशअप्स और पुलअप्स करना एक ताजगी देने वाली एक्टिविटी है। मैं नए साल से ये एक्टिविटी करूंगा। साथ ही इसी महीने से मैं अपने डाइट के प्रति अधिक एलर्ट हो गया हूं। मुझे इंटरमिटेंट फास्टिंग शुरू करने से बेहतर महसूस होता है, जिससे मेरे शरीर और दिमाग दोनों को पॉजिटिव एनर्जी मिलती है। मैं नए साल में भी इसे करता रहूंगा। हमें जिंदगी में काम के साथ-साथ अपनी सेहत का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी होता है, स्वास्थ्य सही होगा तभी हम दैनिक दिनचर्या में काम करने के लिए सक्षम रहेंगे। काम और जिंदगी के बीच एक हेल्दी बैलेंस बनाए रखने के लिए मैं खुद को अपनी सीमा से बाहर ज्यादा खींचने की कोशिश नहीं करूंगा।' *

## सुबह जल्द उठकर करूंगा सूर्य नमस्कार: आशुतोष कुलकर्णी



**एंडटीवी के** सीरियल 'अटल' में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका में आशुतोष कुलकर्णी नजर आ रहे हैं। नए साल पर वह क्या रेजॉल्यूशन लेने वाले हैं, पूछने पर आशुतोष जवाब देते हैं, 'मैंने न्यू ईयर रेजॉल्यूशन लिया है कि नए साल के पहले दिन से ही अपने सेहत और मानसिक शांति के लिए सुबह सूर्योदय से एक घंटा पहले उठूंगा। उस एक घंटे में मेडिटेशन और कुछ सिंपल से व्यायाम करूंगा। ऐसा करने से एकाग्रता बढ़ेगी, मन शांत होगा और हर परिस्थिति में मेरा मन स्थिर रहेगा। शांत मन और शरीर ना केवल मेरे शारीरिक स्वास्थ्य को बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी अच्छा रखेगा। स्वास्थ्य, मेरे लिए मूल रूप से मन, शरीर और आत्मा की एक खुशहाल स्थिति है। मैं पहले से थोड़ा-थोड़ा जिम में एक्सरसाइज करता हूं। अब में जल्दी उठूंगा तो ध्यान के बाद सूर्य नमस्कार भी करूंगा। अभी मैं चार बार सूर्य नमस्कार करता हूं, नए साल से रोजाना बारह बार करूंगा। नए साल साल से इन सबकी शुरुआत करूंगा, ईमानदारी से करूंगा। इससे मेरा शारीरिक और मानसिक संतुलन बना रहेगा। मैं सभी को यही कहना चाहूंगा कि आज के तनाव भरे जीवन में किसी को अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।' *

## डाइट का ध्यान रखूंगा-कभी झूठ नहीं बोलूंगा: विनीत कुमार चौधरी



**शेमारू टीवी** पर हाल ही में शुरू हुए सीरियल 'कर्माधिकारी शनिदेव' में शनिदेव का किरदार विनीत कुमार चौधरी निभा रहे हैं। न्यू ईयर पर उन्होंने क्या रेजॉल्यूशन लिया है, पूछने पर वे बताते हैं, 'मैं हमेशा से अपने फिटनेस को लेकर बहुत ज्यादा कॉन्सश रहा हूं। मेरा मानना है कि मुझे अपनी डाइट में ज्यादा बदलाव नहीं करना चाहिए। इसलिए मैं अपनी डाइट को सरल बनाए रखने की कोशिश करता हूं। साथ ही समय पर व्यायाम करता हूं, पूरी नींद लेता हूं, सही मात्रा में पोषक तत्वों का सेवन करता हूं। अपने खाने में शकरकंद और शहद का सेवन जरूर करता हूं। मैं इस बात का ख्याल रखता हूं कि मिठाइयों से दूर रहूं क्योंकि यह मुझे बहुत ज्यादा पसंद है। नए साल पर इन चीजों का ख्याल रखूंगा। साथ ही मैं ड्रिंक नहीं करूंगा और झूठ नहीं बोलूंगा। वैसे भी शनिदेव का किरदार को निभाने के बाद, मेरे मुंह से झूठ निकलता ही नहीं है। मुझे लगता है, नए साल पर सभी को अपने जीवन में ऐसा कोई खास प्रण जरूर लेना चाहिए, जिससे उनके जीवन में कोई बड़ा बदलाव आए।' *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

नया साल 2024 शुरू होने वाला है। आप जरूर चाहेंगे कि आने वाले साल में आप शारीरिक के साथ ही मानसिक रूप से भी स्वस्थ, ऊर्जावान और सकारात्मक रहें। इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली में बदलाव से जुड़े कुछ संकल्प लेने होंगे। इन संकल्पों को लेकर अगर आप इन पर अमल करेंगे तो पूरे साल मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।

# तन-मन रहेगा स्वस्थ नए साल पर लें ये 5 संकल्प




डॉक्टर एडवाइस

**डॉ. ज्योति कपूर**
साइकोलॉजिस्ट, नई दिल्ली


आने वाले नए साल की शुरुआत अपने जीवन में कुछ अच्छी आदतों को अपना कर करें तो इससे आपका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही बेहतर रहेगा। आपका मन स्वस्थ है तो आप किसी भी जिम्मेदारी को आसानी से ले सकते हैं, उसे बोझ नहीं समझेंगे और बेहतर तरीके से निभा भी सकेंगे। कहा जाता है कि मन से शरीर का संबंध बहुत गहरा होता है। मन शांत और प्रसन्नचित्त हो तो शरीर भी तंदुरुस्त रहता है। इसलिए अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नए साल के लिए पांच रेजॉल्यूशन यानी संकल्प लें।

### सोच को रखेंगे सकारात्मक





यदि आप किसी भी परिस्थिति में अपनी सोच को सकारात्मक रखते हैं तो इससे आप अपनी समस्या का निदान ही नहीं करते हैं, बल्कि उस समस्या का प्रभाव आपके व्यक्तित्व पर भी नहीं पड़ता है। आप उस परेशानी में उलझने से सदा के लिए बच जाते हैं। कई बार हम दूसरे से अपनी तुलना करने लगते हैं, जो हमारी सेहत के लिए भी ठीक नहीं होता है। यह जरूरी नहीं है कि जो चीज हमारे पास है, वह दूसरे के पास भी हो। दूसरे के अगर पास वो चीज नहीं है तो इससे हमारे अंदर अहंकार पैदा होता है। यदि अपने पास वो चीज नहीं है तो दूसरे को देखकर ईर्ष्या होने लगती है। ये दोनों ही आदतें हमारी मानसिक शांति और सुकून को छीन लेती हैं। इससे बचने के लिए यह जरूरी है कि इस नए साल में हम अपनी सोच को हर दशा में सकारात्मक रखने का संकल्प लें।





### हॉबी को देंगे समय

हर व्यक्ति की कोई ना कोई हॉबी जरूर होती है। डांसिंग, सिंगिंग, रीडिंग, प्लेयिंग, पेंटिंग या टूरिज्म जैसी कोई ना कोई हॉबी आपको भी जरूर होगी। अपने घर, परिवार की जिम्मेदारियों और काम से समय निकाल कर अपनी हॉबी को जरूर समय दें। इससे आपका आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है, साथ ही एक नया दृष्टिकोण भी मिलता है। हॉबी से हमारी रचनात्मक क्षमता बढ़ती है और हमें खुशी भी मिलती है, जिसके कारण हमारे ब्रेन से हैप्पी केमिकल निकलता है। इसीलिए हमारे जीवन में एक हॉबी का होना बहुत जरूरी है। वैसे भी जिस काम में हमारा मन लगता है, जिसमें हमें खुशी मिलती है, उसके लिए हमें रोज कुछ समय जरूर निकालना चाहिए।

### वर्क-पर्सनल लाइफ में करेंगे बैलेंस

जीवन का आनंद लेने और तनाव से बचे रहने के लिए अपनी पर्सनल लाइफ और वर्क लाइफ में हमेशा बैलेंस करना सीखें। अकसर देखा जाता है कि कुछ लोग अपने वर्क लाइफ पर ही अधिक फोकस करते हैं, पर्सनल लाइफ को उतना ध्यान नहीं दे पाते हैं। नतीजा वर्क लाइफ में तो अच्छा परफॉर्म करते हैं लेकिन पर्सनल लाइफ में अपनों से बहुत दूर हो जाते हैं, जिससे संबंधों में दूरियां और खटास आने लगती है। ऐसे लोग अपनी हेल्थ पर भी ध्यान नहीं दे पाते और अपने काम में इतने व्यस्त होते हैं कि पूरी नींद भी नहीं ले पाते हैं, जिससे वे कई तरह की बीमारियों से असमय ग्रस्त होने लगते हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए नए वर्ष में अपनी फैमिली के साथ समय बिताने, अपनी पर्सनल और वर्क लाइफ में बैलेंस करने का भी रेजॉल्यूशन जरूर लें।

### गैजेट्स एडिक्शन से रहेंगे दूर

इंटरनेट, मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप से एक तरफ हमारे जीवन में कई तरह की सुविधाएं मिल गई हैं तो इनका एडिक्शन एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसका दुष्प्रभाव समाज के सभी वर्ग के लोगों पर पड़ रहा है। हमारी मानसिकता पर तो इसका प्रभाव पड़ ही रहा है, यहां तक कि यह हमारे संबंधों को भी खराब कर रहा है। अकसर हम इंटरनेट, मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया में इतना समय बर्बाद करते हैं कि हमारे आस-पास क्या हो रहा है उस तरफ हमारा ध्यान ही नहीं जाता है। इतना ही नहीं यह एडिक्शन हमारी रचनात्मक क्षमताओं पर भी प्रभाव डालता है। इसलिए यह ध्यान रखना जरूरी है कि इंटरनेट और मोबाइल हमारे जीवन के कामों को सरल बनाने के साधन हैं। अपने काम के लिए इसका उपयोग जरूर करें, लेकिन इनका दुरुपयोग या अत्यधिक उपयोग करने से बचें। इसलिए एक संकल्प यह भी लें कि नए वर्ष में इंटरनेट और गैजेट्स का लिमिटेड यूज करेंगे। इसके एडिक्शन से बचेंगे।

### निःस्वार्थ भाव से सेवा करेंगे

जब हम बिना किसी स्वार्थ के कोई काम करते हैं तो हमें उस काम को करने से आंतरिक खुशी मिलती है, क्योंकि जब हम कोई नेक काम करते हैं और उसमें हमारी कोई आसक्ति (जैसे हमें उससे नाम, पैसा या मान मिले) नहीं रहती है तो हम उस काम को दिल से करते हैं। उसमें हमारा कोई स्वार्थ नहीं होता है तो हमें स्वतः ही अपार खुशी का अनुभव होता है। जब हम अपने घर-परिवार के लिए काम करते हैं तो यह हमारी जिम्मेदारी होती है। हमें लगता है कि इसे हम नहीं करेंगे तो कौन करेगा? जब हमारी रुचि निःस्वार्थ सेवा करने में होती है तो हम उस काम को बोझ नहीं समझते हैं। तब हम सबके प्रति अच्छा सोचते हैं, शुभ भावना और शुभकामना रखते हैं। इसीलिए किसी अनाथालय या ओल्ड एज होम में जाकर बच्चों के साथ समय बिताएं या बुजुर्गों की सेवा जरूर करें। इससे आपको दुआएं मिलेगी और अपने काम से संतुष्टि भी। इससे सारा मानसिक तनाव दूर होगा, आत्मिक शांति मिलेगी। नए वर्ष में ऐसी कोई हैबिट जरूर शुरू करें। *

**प्रस्तुति : संध्या रानी**

एलर्टनेस

# फिर बढ़ रहा कोरोना संक्रमण सतर्क रहें-बरतें सावधानी







पूरे विश्व में कोहराम मचाने वाली कोरोना महामारी को लेकर अभी भी खतरा कम नहीं हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नए जेएन.1 कोरोना वायरस स्ट्रेन को 'वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित किया है। भले ही लोगों ने बढ़-चढ़कर वैक्सीनेशन कराया है लेकिन समय-समय पर कोरोना वायरस के नए वेरिएंट्स के सामने आने से खतरा कम होता नजर नहीं आ रहा है। एक बार फिर से खतरे की घंटी बजी है और इसका एक और नया सब वेरिएंट जेएन.1 देश-दुनिया में लोगों को संक्रमित कर रहा है। केरल में हाल ही में इस सब वेरिएंट जेएन.1 की पुष्टि की गई है। इसलिए इसके बारे में जानना और सावधान रहना बहुत जरूरी है।

**क्या है सब वेरिएंट जेएन.1 :** कोरोना का यह नया सब वेरिएंट इतनी तैजी से कैसे फैल रहा है? इस बारे में पूछने पर श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट- पल्मोनोलॉजी-**डॉ. अनिमेष आर्या** बताते हैं, 'सबसे पहले यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर यह नया सब वेरिएंट है क्या? दरअसल डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन सेंटर (सीडीसी) के मुताबिक कोरोना का यह सब वेरिएंट, ओमिक्रॉन सब वेरिएंट बीए.2.86 का ही नेक्स्ट जेनरेशन है और इसे दूसरी भाषा में पिरोला भी कहा जाता है। यदि विशेषज्ञों की नजरों से समझें तो जेएन.1 और बीए.2.86 के बीच केवल एक ही अंतर है- स्पाइक प्रोटीन में बदलाव, जिस कारण इस वायरस का संक्रमण अन्य वायरस की तुलना में तेजी से फैलने में सक्षम है। इस नए सब वेरिएंट से सावधान रहने के लिए आपको बहुत ही सावधानी बरतने की आवश्यकता है।'

**जेएन.1 संक्रमण के लक्षण :** कोरोना के इस नए सब वेरिएंट से संक्रमित होने के लक्षणों के बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट- पल्मोनोलॉजी और स्लीप मेडिसिन, **डॉ. नवनीत सूद** बताते हैं, 'पिछले कोरोना वेरिएंट्स की ही तरह इसमें भी मिलते-जुलते लक्षण दिखाई दे रहे हैं। जैसे- लगातार बुखार आना, खांसी आना, नाक जाम हो जाना, नाक से पानी बहना, जल्द थकान, सिर दर्द, स्वाद या गंध का सेंस कम होना, गला खराब होना, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं आदि। डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन सेंटर के मुताबिक कोई खास लक्षण अलग से नजर नहीं आए हैं, जिसकी वजह से यह पता लगा पाना मुश्किल है कि लक्षण पिछले कोरोना वेरिएंट के मुकाबले अलग हैं या नहीं, इसलिए अगर आपको ऐसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में अपनी जांच कराएं, मास्क लगाकर रखें और लोगों से दूरी भी बनाकर रखें।

**संक्रमण से बचाव के उपाय :** कोरोना से बचाव के उपाय के बारे में नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट- इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. पंकज वर्मा** बताते हैं, कुछ विशेषज्ञों की मानें और सीडीसी के मुताबिक फिलहाल इसका कोई सबूत नहीं है कि यह नया वेरिएंट बहुत खतरनाक है। फिर भी जिस प्रकार से इसका संक्रमण वैश्विक स्तर पर तेजी से फैल रहा है, उसको देखते हुए बहुत ही सावधान रहने की आवश्यकता है।

- यदि आपने अभी तक वैक्सीनेशन नहीं कराया है तो तुरंत वैक्सीनेशन कराएं।
- सोशल डिस्टेंसिंग बनाकर रखें, भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें।
- कोरोना के कोई लक्षण दिखें तो तुरंत अपनी जांच करवाएं। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर संक्रमित को अलग रहने दें और कोरोना नियमों का पालन करें।
- घर से बाहर जाते समय मास्क और हैंड सेनीटाइजर का इस्तेमाल करें।
- अपने हाथ साबुन से धोते रहें। *

**प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**

औषधीय वृक्ष

# औषधीय गुणों से भरपूर पारिजात



पारिजात का पेड़ अत्यंत गुणकारी होता है लेकिन यह बहुतायत से नहीं उगता है। औषधीय गुणों से भरपूर पारिजात के पेड़ का आयुर्वेद में बहुत महत्व है। क्षेत्रीय भाषाओं में पारिजात को हरसिंगार, कूरी, सिहारु, नाइट जैसमिन, रागपुष्पी, गंगा सेयोली, पारडिक, जया पार्वती और ट्रीटी सैडनेस नामों से भी जाना जाता है। पारिजात के उपयोगी हिस्से इसके पत्ते, जड़, छाल, बीज और फूल हैं।

**सेवन के लाभः** पारिजात के बीजों का सेवन बवासीर की बीमारी में लाभदायक है। सर्दी, जुकाम और खांसी में इसके पत्तों का सेवन हितकर है। साथ ही पेट के कीड़ों को भी नष्ट करता है। जोड़ों का दर्द, अर्थराइटिस के मरीजों के लिए भी इसका सेवन गुणकारी है। एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होने के कारण कई बीमारियों में लाभ करता है। इसके पत्ते और छाल का सेवन बुखार को तुरंत कम करता है, इसलिए मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया में बहुत लाभदायक है। मधुमेह रोगियों के लिए इसके पत्तों के काढ़े का सेवन बहुत गुणकारी है।

**सेवन का तरीकाः** अब पारिजात के सेवन के तरीके के बारे में जान लेते हैं।

- डैंड्रफ से परेशान हैं या दूषित खान-पान, कार्य की व्यस्तता, पोषक तत्वों की कमी के कारण सिर के बाल झड़ रहे हैं। ऐसे में पारिजात के बीजों का पेस्ट सिर पर लगाने से डैंड्रफ और सिर के बाल झड़ने जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। सिर पर फुंसियां होती हैं या खुजाने से बॉडी पर घाव हो जाता है तो भी इसके बीज का पेस्ट फायदेमंद है।
- गले की बीमारी गलशुंडी से परेशान हैं तो इसकी जड़ को चबाने से गले को आराम मिलता है।
- नाक या कान से खून आता हो तो इसकी जड़ अच्छी तरह धोकर चबाने से राहत मिलती है।
- बार-बार पेशाब आने से परेशान हैं तो इसके पत्ते, जड़ और फूल को मिलाकर काढ़ा बनाकर दो से चार चम्मच दिन में दो बार लेना फायदेमंद हो सकता है।
- शरीर में दर्द वाले स्थान पर इसके पत्तों को पीस कर गुनगुना करके दर्द वाले स्थान पर लगाने से दर्द से राहत मिलती है।
- दाद से परेशान हों तो इसके पत्तों को पीस कर रस निकाल कर दाद पर लगाएं, आराम मिलेगा।

यहां बताए गए उक्त सभी उपाय, उपचार सामान्य हैं। प्रयोग करने से पहले अपने अनुभवी वैद्य या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *


**-वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'**

हेल्थ एडवाइस

**डॉ. माजिद अलीम**

सर्दी के मौसम में अधिकतर बुजुर्ग लोग, जोड़ों के दर्द से परेशान रहते हैं। शरीर में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने से यह समस्या होती है। इसे कंट्रोल करने के लिए कुछ सरल उपायों से आपको राहत मिल सकती है।

# सर्दियों में जोड़ों का दर्द इन उपायों से मिलेगी राहत







जो लोग जोड़ों के दर्द से पीड़ित होते हैं, सर्दियां उनके लिए बहुत कष्टदायक होती हैं। क्योंकि सर्दियां आते ही जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है। इसके पीछे का कारण होता है शरीर में बढ़ा हुआ यूरिक एसिड। इसलिए जिनको बढ़े हुए यूरिक एसिड की शिकायत हो, उन्हें सर्दियों में कुछ विशेष तरह की सावधानियां बरतनी चाहिए।

**गुनगुने पानी का सेवन करें :** अगर आपको बढ़े हुए यूरिक एसिड की शिकायत रहती है तो इस मौसम में लगातार गुनगुना पानी पीना चाहिए। इससे हड्डियों और जोड़ों में जमा यूरेट क्रिस्टल धीरे-धीरे पिघल कर मूत्र के रास्ते शरीर से बाहर निकल जाता है। लब्बोलुआब यह कि ऐसे लोगों को सर्दियों में गुनगुना पानी पीना चाहिए, ताकि उनके जोड़ों का दर्द कंट्रोल में रहे। सर्दियों में कम पानी पीने की भूल कतई ना करें। सर्दियों में कम पानी पीएंगे तो यूरिक एसिड और ज्यादा परेशान करेगा। दरअसल, यह भी एक किस्म का विषाक्त पदार्थ है, जो गुनगुने पानी के सेवन करने से शरीर से बाहर निकलता रहता है। अब सवाल है कितना पानी पीना चाहिए? इसका कोई तय नियम नहीं है। आमतौर पर ढाई से तीन लीटर के बीच प्रतिदिन पानी पीना पर्याप्त माना जाता है।

**खट्टे फलों का सेवनः** खट्टे फल मसलन नीबू, संतरा, आंवला, अनानास, चेरी, स्ट्रॉबेरी, मौसंबी और पपीता आदि विटामिन सी से भरपूर होते हैं। खट्टे फलों के नियमित सेवन से इनमें मौजूद विटामिन सी शरीर के अंदर यूरिक एसिड को क्रिस्टल के रूप में जमा नहीं होने देती। इसलिए ये सभी फल प्राकृतिक रूप से यूरिक एसिड को कम करने में मददगार होते हैं। खासकर जिन लोगों को हड्डियों-जोड़ों में दर्द और यूरिक एसिड बढ़ा हुआ हो, उन्हें तो खट्टे फलों को अपनी नियमित खुराक का हिस्सा बना लेना चाहिए। इनमें सबसे ज्यादा फायदेमंद है आंवला।

**इन सब्जियों का करें सेवनः** खट्टे फल की तरह कई सब्जियां भी यूरिक एसिड को नियंत्रित करने में सहायक होती हैं। इनमें कद्दू, टमाटर, खीरा, मशरूम, परवल आदि विशेष रूप से फायदेमंद सब्जियां हैं। ये सब्जियां शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करती हैं, जिससे यूरिक एसिड का लेवल कम हो जाता है। कद्दू में विटामिन सी, बीटा कैरोटिन, ल्यूटिन जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट तत्व होते हैं। इसमें मौजूद फाइबर मेटाबॉलिज्म को सक्रिय करता है, जिससे पाचनशक्ति बेहतर रहती है और यूरिक एसिड नियंत्रित रहता है। टमाटर भी विटामिन सी का भंडार है, जबकि खीरा फाइबर के भंडार होने के साथ-साथ पानी से भी भरपूर है, जिससे किडनी में गाउट की समस्या से बचाव होता है। मशरूम में बीटा-ग्लूकेंस होता है, जो यूरिक एसिड की समस्या से निजात दिलाता है। परवल खाने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, जिससे गाउट और गठिया के मरीजों को दर्द से राहत मिलती है।

**ये मसाले भी हैं मददगारः** यूरिक एसिड को नियंत्रित करने में रसोई में पाए जाने वाले कई मसालों की जबरदस्त भूमिका हो सकती है। दरअसल, यूरिक एसिड शरीर में एक गंदगी की तरह जमा हो जाता है, इसे कुछ मसालों के खाने से शरीर से बाहर करने में मदद मिलती है। हल्दी, अदरक, अजवाइन और अलसी खाने से यूरिक एसिड की समस्या में फायदा होता है। अजवाइन इनमें सबसे ज्यादा फायदेमंद होती है, क्योंकि अजवाइन में एंटी-इफ्लेमेटरी गुण होते हैं, इस कारण यह शरीर में बनने वाले यूरिक एसिड के क्रिस्टल को तोड़ती है और इस तरह जोड़ों के दर्द से मुक्ति दिलाता है। *

**आमंत्रित हैं लेख...**
स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें
हरिभूमि- संपादक-सेहत
129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035
या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

## खबर संक्षेप

### कर्तव्य के प्रति निष्ठावान बनने का मंत्र दिया

**गोहाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कथुरा में मिशन कर्मयोगी हरियाणा अभियान के अंतर्गत कथूरा खंड की दो दिवसीय ट्रेनिंग बुधवार को सम्पन्न हो गई। खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गौड़ के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के समापन सत्र के लिए नेतृत्व मास्टर ट्रेनर गणित प्रवक्ता अमिता व समाजशास्त्र प्रवक्ता ज्योति का रहा।

### साहिबजादों, दीवान टोडर मल की गाथा सुनाई

**सोनीपत।** सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों जोरावर सिंह तथा फतेह सिंह की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में गुरुद्वारा सुजान सिंह पार्क में मनाया गया। इस अवसर पर साहिबजादों के संस्कार के लिए 78 हजार स्वर्ण मुद्रायें जमीन पर खड़ी करके चार गज जमीन खरीदने वाले दीवान टोडर मल जैन को भी याद किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप सिंह, परमजीत , पार्षद सरदार मंजीत मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में मौत के एक माह बाद केस दर्ज

**गोहाना।** रोहतक-पानीपत मार्ग पर गोहाना बाई पास के नजदीक सडक हादसे में हुई युवक की मौत के मामले में एक महीने बाद मामला दर्ज हुआ है। मृतक के पिता ने कार चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते उसकी शिकायत शहर थाना में दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी । सेक्टर-7 निवासी जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा विकास 28 नवंबर को रोहतक रोड स्थित गार्डन में दोस्त की शादी में जा रहा था।

### किराए के विवाद में ताऊ के बेटे से की मारपीट

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव नाथूपुर में दुकानों के किराए के विवाद में युवक ने अपने ताऊ के बेटे पर पीटकर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। नाथूपुर निवासी नवीन ने पुलिस को बताया कि उनके मकान में चार दुकान है। उनके ताऊ का बेटा सभी दुकानों का किराया लेना चाहता है। इसी बात को लेकर उसके साथ कहासुनी हो गई।

### अवैध पिस्तौल,2 गोलियों के साथ युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** पुलिस ने सूचना के आधार पर बरोणा से एक युवक को अवैध पिस्तौल व 2 गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सरकारी स्कूल के पास एक युवक के पास अवैध पिस्तौल है। पुलिस ने नाकाबंदी करके सूचना के आधार पर बताए गए हुलिये के युवक पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर बाद पुलिस टीम को वह युवक गांव की तरफ आता हुआ दिखाई दिया।

### संगत ने मनाया वीर बाल दिवस

**सोनीपत।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क में साहिबजादो का शहीदी समागम (वीर बाल दिवस) मनाया गया। इस अवसर पर ढाडी जथा रघुवीर सिंह एवं साथी अंबाला से संगत के बीच गुरुद्वारा साहब पहुंचे। संगत को साहिबजादो की शहीदी का इतिहास श्रवण कराया। गुरु गोविंद सिंह के बड़े दो साहबजादे चमकौर साहब में मुगल फौज से जंग करते शहीद एवं छोटे दो साहिबजादो को जिंदा दीवारों में चुनवा दिया गया।

### मारपीट में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सेक्टर-14 व 15 सड़क मार्ग पर स्थित पेट्रोप पंप के संचालक पर नंदवानी नगर पुलिया पर जाते समय बदमाशों ने तलवार व रॉड से हमला कर एक लाख रुपये की राशि को लूटने व मारपीट करने की वारदात में शामिल आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### कार सवार युवकों पर धमकी देने का आरोप

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव खटकड़ में खेत में बैठे किसान पर कार में सवार होकर आए तीन हमलावरों ने हमला कर दिया। आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उसने अपना उपचार करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

---

### विधायक ने भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लाभार्थियों से किया सीधा संवाद

# लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया जागरूक

### मोदी की गारंटी वैन से लाभार्थियों ने उठाया सरकार की अंत्योदय योजनाओं का लाभ

### जाटी कलां में 25 लाख से बनने वाली ई-लाइब्रेरी की रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



राई। विधायक मोहनलाल बड़ौली भाजपा नेता एवं जठेड़ी के सरपंच योगेश जठेड़ी को गांव के पात्र लाभार्थियों के पत्र देते हुए। फोटो :हरिभूमि



गन्नौर। विधायक निर्मल चौधरी राजलू गढ़ी गांव में यात्रा के दौरान संबोधित करते साथ में चेयरमैन अरूण त्यागी व ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। गांव जाटी कलां तथा जाटी खुर्द में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने किया। विधायक ने गांव जाटी कलां में 25 लाख से बनने वाली ई-लाइब्रेरी का आधारशिला रखी। बड़ौली ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में गरीबों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि 2047 तक देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास सरकार का लक्ष्य है। विधायक ने विभिन्न स्थानों पर लगाई विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा योजना का लाभ, कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टाल, आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण भी किया गया। विधायक ने गांव की गर्भवति महिलाओं को फल वितरित करने के साथ-साथ लाभार्थियों को आयुष्मान चिरायु कार्ड, पेंशन पत्र तथा उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर तथा गैस चूल्हे वितरित किए।

#### ये रहे मौजूद

नपा कुण्डली की चेयरपर्सन शिमला देवी, भाजपा नेता एवं जठेड़ी के सरपंच योगेश जठेड़ी, बीडीपीओ सुरेन्द्र कुमार, रेणुका पंडित, सरपंच जयराम, अरूण चौहान, गांव जाटी कलां के सरपंच सतीश कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

#### वरदान साबित हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

**गन्नौर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को गांव राजलू गढ़ी व लल्हेड़ी कलां में पहुंची। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से लाभार्थियों के साथ संवाद किया। जनसंवाद कार्यक्रमों का शुभारंभ करते विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना तथा सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाकर उनका लाभ देना सबसे पहली प्राथमिकता है। विधायक ने लाभार्थियों से सीधा संवाद किया और लोगों की समस्याएं सुनते हुए उनके निवारण को लेकर अधिकारियों को मौके पर ही दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को हमको मिलकर पूरा करना होगा, इस सपने को साकार करने करते हुए देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल करने का काम करना है। विधायक ने उज्जवला योजना के तहत वितरित किए गैस चूल्हे और सिलेण्डर वितरित किए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य व उनको धूएं से मुक्ति दिलवाने के लिए प्रधानमंत्री ने उज्जवला योजना शुरू की, जिससे आज देश की गरीब महिलाओं का लाभ मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने आयुष्मान कार्ड तथा प्रोपर्टी कार्ड भी वितरित किए। नपा गन्नौर के चेयरमैन अरूण त्यागी, बीडीपीओ पूनम चंदा, राजलू गढ़ी के सरपंच बिजेन्द्र राठी, गांव लल्हेड़ी के सरपंच मेहर सिंह व बिजली विभाग के एसडीओ अभिषेक, त्रिलोकचंद शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

---



गोहाना। संबोधित करते पूर्व मंत्री बीरेंद्र सिंह, साथ प्रदीप चहल। फोटो : हरिभूमि

## मैं केवल उसी का साथ दूंगा जो सही काम करेगा : बीरेंद्र

- रैली की कामयाबी के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताने गोहाना पहुंचे पूर्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

मुझे किसी से भी द्वेष नहीं है, पर मैं केवल उसी का साथ दूंगा जो सही होगा, सही काम करेगा। बुधवार की दोपहर यह अहम टिप्पणी पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने की। बीरेंद्र सिंह जींद में आयोजित मेरी आवाज सुनो रैली की कामयाबी के लिए कार्यकताअरं का आभार व्यक्त करने गोहाना आए। कार्यकर्ता सभा का संयोजन उनके सहयोगी प्रदीप चहल ने किया। कार्यकर्ता बैठक में मुंडलाना पंचायत समिति के पूर्व चेयरमैन इंद्र सिंह सहरावत, सोनीपत जिला परिषद के जिला पार्षद जय सिंह मलिक और राष्ट्रहित मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मबीर गौड़ भी पहुंचे। इस अवसर पर घोषणा की गई कि पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के बेटे और हिसार के सांसद बृजेंद्र सिंह मकर संक्रांति पर 14 जनवरी को छतैहरा गांव में दीनबंधु चौ. छोटूराम की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। अवसर पर दलबीर फौगाट, धर्मबीर छतैहरा, रमेश लाठ, सुरेंद्र नाथ, सचिन दहिया, राम बिलास चहल, सिकंदर गंगाणा, राम मेहर बुसाना आदि भी मौजूद रहे।

### संते देवी ने मकान व प्लाट गोशाला के नाम किया



**गन्नौर।** गांधी नगर में एक बुजुर्ग महिला ने मरणोपरांत अपनी संपत्ति गोशाला को दान करने का फैसला ले कर गौसेवा की मिसाल पेश कर दी है। गांधी नगर की रहने वाले संते देवी ने अपने पैतृक गांव तिहाड़ मलिक स्थित बाबा गंगन साध गोशाला को गांधी नगर स्थित अपना 200 वर्ग गज का मकान व 100 वर्ग गज का प्लाट गोशाला को दान कर दिया है। बुधवार को संते ने एसडीएम डा. निर्मल नागर के सामने प्रस्तुत हो कर अपनी संपत्ति के कागजात गोशाला कमेटी के अधिकारियों को सौंप दिए। गांधी नगर की रहने वाले संते शुरूआती जीवन से ही आध्यात्म से जुड़ी हैं। अपना सारा जीवन ब्रह्मचारिणी की तरह व्यतीत करते गोसेवा में लगा दिया। अब उन्होंने गोसेवा के लिए अपनी संपत्ति को भी गोशाला को सौंप दिया है। वह जब तक जीवित रहेंगे इसी मकान में रहेंगी और उनके मरणोपरांत गोशाला उनके मकान की देखरेख करेगी। प्रधान फूल कुमार, महासचिव रामकिशन आदि मौजूद रहे।

---

## 71 नागरिकों ने किया रक्तदान

- आशीष वशिष्ठ की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते विधायक साथ में अन्य।

रेडक्रास के पूर्व सचिव एवं रक्तदान प्रणेता सुभाष वशिष्ठ के दिवंगत पुत्र आशीष वशिष्ठ की पुण्यतिथि पर बुधवार को रेडक्रास सोसायटी के सौजन्य से हैबीटेट क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लायंस क्लब सोनीपत एवं लायंस क्लब चैरीटेबल की टीमों ने विशेष योगदान दिया। शिविर में 71 नागरिकों ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। रक्तदान संकलन के लिए नागरिक अस्पताल से टीम पहुंची थी। आशीष वशिष्ठ को श्रद्धांजलि देने के लिए रिटायर्ड आई.पी.एस. अधिकारी डा. सुमन मंजरी, विधायक सुरेंद्र पंवार विशेष तौर पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है।

किसी एक व्यक्ति द्वारा दान किया गया रक्त ही दूसरे के काम आता है। यह एक ऐसा प्रोडक्ट जिसका किसी फैक्टरी में उत्पादन नहीं किया जा सकता। यही नहीं, नियमित तौर पर रक्तदान करने व्यक्ति स्वयं भी स्वस्थ रहता है। ताइक्वांडो खिलाड़ी सुमन ने पहली बार रक्तदान किया और दूसरों को भी प्रेरित किया। रैडक्रास सचिव गौरव रामकरण, डा. पूर्णमल गौड़, संजय सिंगला, अनिल सेठ, प्रवीण वर्मा, प्रवीण रेलन, अनीता गोयल, राज गुप्ता, नीलम सेठ, बिजेंद्र गोयल, शिवशंकर शर्मा, अनिल लूथरा, आकाश गुप्ता, मदन बतरा, राजेंद्र गोयल, वीरेंद्र दूहन, प्रेम गौतम, आनंद कुमार ने युवाओं को रक्तदान के फायदे बताए।

### अंत्योदय के सपने को साकार कर रही संकल्प यात्रा: तीर्थ

**गोहाना।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव मिजार्पुर खेड़ी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से लाभार्थियों से संवाद किया। संकल्प यात्रा के गांव मिजार्पुर खेड़ी में भाजपा जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा तथा गांव भैंसवान खुर्द में कथूरा ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन साक्षी मलिक व ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है। यात्रा के माध्यम से लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त मुख्य रूप से पहुंचे। बीडीपीओ अंकुर कुमार, ओमवीर वत्स आदि मौजूद रहे।

## कर्मठ-पराक्रमी बनने का दिया संदेश

- ओम शांति शिक्षा सदन स्कूल में क्रिसमस-वीर बाल दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



राई। ओम शांति स्कूल में क्रिसमस व वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम के दौरान छात्र।

ओम शांति शिक्षा सदन विद्यालय में क्रिसमस एवं वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्रों ने कविता गायन एवं भाषण के माध्यम से सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के हॉनर एवं बलिदान सपूतों के साहब जादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के पराक्रम बलिदान की गाथाओं को बच्चों के सामने रखा। दोनों ही साहबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बलिदानी दे दी, परंतु धर्म की ध्वजा को झुकने नहीं दिया। विद्यालय के प्रबंधक योगराज भारद्वाज व प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने वीर बलिदानी दिवस के बारे में बच्चों को बताया एवं बच्चों को कर्मठ पराक्रमी बनने का संदेश दिया। बच्चों ने नाट्य रूपांतरण कर वीर बाल दिवस के बारे में बताया। निदेशक योगराज भारद्वाज ने बताया कि वीर बाल दिवस के पीछे एक कहानी है। मुगल शासनकाल के दौरान पंजाब में सिजों के नेता गुरु गोबिंद सिंह के चार बेटे थे। उन्हें चार साहिबजादे खालसा कहा जाता था। गुरु गोबिंद सिंह ने 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य धार्मिक उत्पीड़न से सिख समुदाय के लोगों की रक्षा करना था। वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है।

---




सोनीपत। आचार्य विशुद्ध सागर महाराज को नमन करते श्रद्धालुगण।

### भगवान के दर पर भिखारी नहीं भक्त बनकर जाओ

**सोनीपत।** आचार्य विशुद्ध सागर महामुनिराज ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान के दर पर भिखारी नहीं भक्त बनकर जाओ, दुआओं से नहीं बल्कि मन के अंदर दयाभाव पैदा करने से पुण्य की प्राप्ति होगी और जीवन में विकास चाहिए तो विनाश के कारक काम, क्रोध, मोह से बचना होगा। महामुनिराज एवं 30 साधुओं का सोनीपत पहुंचने पर जैन धर्मावलम्बियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बैंडबाजों के साथ सेक्टर 15 में स्थित जैन मंदिर में पहंचने पर महिलाओं ने आरती कर वंदना की और शांतिधारा का आयोजन किया गया। इसके पश्चात हलवाई हट्टा स्थित पांचों मंदिरों की परिक्रमा के बाद बड़ा जैन मंदिर में भारी भीड़ मुनिराज के दर्शनों के लिए खड़ी थी। सड़कों पर स्थान-स्थान पर दर्शनार्थी आरती के थाल लिए खड़े थे। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, विधायक सुरेंद्र पवांर, सांसद रमेश कौशिक के भाई देवेंद्र कौशिक ने दीप प्रज्वलित किया और भगवान महावीर के चित्र का अनावरण किया। कार्यक्रम के अंत में समस्त मुनि संघ कि भव्य आरती का आयोजन किया गया।

## विकास कार्यों में देरी पर कटेगा वेतन

- उपायुक्त की अध्यक्षता में डेवल्पमेंट एंड मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

लघु सचिवालय में बुधवार को डिस्ट्रिक्ट डेवल्पमेंट एंड मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया। अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। उपायुक्त ने वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 के अंतर्गत किये जाने वाले डी-प्लान के विकास कार्यों का ब्यौरा लिया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के साथ शहरी क्षेत्र में करवाये जाने वाले सभी विकास कार्यों की समीक्षा की। विभागास्तर पर उन्होंने पड़ताल करते कड़े निर्देश दिए कि विकास कार्यों में बिना ठोस वजह के देरी स्वीकार्य नहीं होगी। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने विकास कार्यों पर भी उन्होंने विस्तृत मंथन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एक-एक विकास कार्य पर विस्तार से चर्चा करते स्टेटस रिपोर्ट ली। उन्होंने निर्देश दिए कि डी-प्लान के लिए अलग से डैशबोर्ड बनवायें, जिस पर सभी विकास कार्यों की पूर्ण जानकारी अपलोड की जाए। उपायुक्त ने पंचायती राज संस्थाओं के तहत किये जाने वाले विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए चेतावनी दी कि विकास कार्यों में देरी होने पर संबंधित अधिकारियों के वेतन से दस प्रतिशत राशि काटी जाएगी। उन्होंने कहा कि बजट का सदुपयोग न होने पर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की एसीआर में उल्लेख किया जाएगा।



कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता तरुण देवीदास का स्वागत करते हुए।

### एक शाम राधा रमण के नाम कार्यक्रम आयोजित

**सोनीपत।** गीता भवन मंदिर में एक शाम राधा रमण के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नेता तरुण देवीदास ने शिरकत की। आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि का पटका एवं पगड़ी पहनकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कथावाचक पूजा सखी द्वारा सुनाए गए भजनों से उपस्थित जन समूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में जय श्री राम के नारों से आसमान गूंज उठा। भाजपा नेता तरुण देवीदास ने कहा कि राधा रमण के संगीत के जरिए हमें हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रति गर्व का अहसास होता है। इस उत्सव द्वारा संगीत, साहित्य, और सांस्कृतिक विरासत के महत्व के बारे मे पता चलता है। इस अवसर पर पवन कुकरेजा, यशपाल मदान, विवेन मल्होत्रा, जीतू शर्मा, जतिन मदान, अंकित, गौरव, विक्रम सरदाना आदि गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामई ही उपस्थिति रही।

---

### निगम में वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक में पास किया बजट

## 9.52 करोड़ रुपये से होगा 5 वार्डों में विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। बैठक करते मेयर, कमेटी उपाध्यक्ष, निगम आयुक्त एवं अन्य।

नगर निगम सोनीपत के क्षेत्र में आने वाले विभिन्न कॉलोनियों में विकास कार्यों के लिए 9 करोड़ 52 लाख 9 हजार रुपये की राशि मंजूर की गई है। ये राशि बुधवार को नगर निगम में आयोजित वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक में तय की गई। इस राशि से 5 वार्डों में विकास कार्य करवाए जाएंगें, जिसमें सड़कों पर एलईडी स्ट्रीट लगाने, पुरानी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करने, पार्कों का सौंदर्यकरण आदि प्रमुख रूप से शामिल है। इन सभी विकास कार्यों के लिये बजट मंजूर करते जल्द ही टेंडर लगाकर निर्माण कार्य शुरू करवाने की बात कही गई है। बैठक की अध्यक्षता मेयर निखिल मदान ने की। वहीं बैठक में बैठक में निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा, उप निगमायुक्त हरदीप सिंह, सीनियर डिप्टी मेयर, कमेटी उपाध्यक्ष निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, सह सदस्य एवं निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, क्षेत्रीय कर अधिकारी राजेंद्र चुघ, सहायक अभियंता अमित कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निगम कार्यालय में फाइनेंस एंड कांट्रेक्ट कमेटी की बैठक में 5000 नई स्ट्रीट लाइट खरीद करने के लिए 1.65 करोड़ बजट मंजूर किया। 2 करोड़ 48 लाख 94 हजार रुपये की लागत से स्ट्रीट लाइटों की सहायक सामग्री खरीदी जाएगी। जिसके जरिये पुरानी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत होगी। विकास कार्यों के लिए 9.52 करोड़ रुपये के कुल बजट पर मोहर लगाई गई। इस 9 करोड़ 52 लाख 9 हजार रुपये के मंजूर किए गए बजट से वार्ड नंबर-3, 4, 10, 12 और 18 में विकास कार्य कराएं जाएंगे। वार्ड-12 में 16 पार्कों का सौंदर्यकरण और जीर्णोद्धार किया जाएगा। जिस पर 2 करोड़ 8 लाख 88 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे।

#### ये काम भी करवाएगा निगम

बैठक में उपरोक्त कामों के अलावा तीन और बड़े कामों को मंजूर किया गया। इसमें ब्रह्म कॉलोनी में 79.34 लाख रुपये की लागत से नई सीवर लाइन बिछाई जाना व सेक्टर-23 की सड़कों पर 85.16 लाख रुपये की लागत से रिफ्लेक्टर, पेंट से सफेद पट्टी और कैट आई लगाने का होगा कार्य होगा। इसके अलावा कैलाशपुर में 51. 25 लाख रुपये से श्मशान घाट का रास्ता पक्का और शेड डाला जाएगा।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक सुरेन्द्र पंवार। फोटो :हरिभूमि

### सागर महाराज के प्रवचन जीवन को देते हैं नई दिशा

**सोनीपत।** विधायक सुरेन्द्र पंवार ने श्री बड़ा दिगम्बर जैन मंदिर शहर, सोनीपत सकल दिगम्बर जैन समाज सोनीपत के प्रांगण में आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के मंगल प्रवेश पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने आचार्य विशुद्ध सागर महाराज का हार्दिक अभिनंदन व उनके चरणों में शत-शत नमन किया। विधायक सुरेन्द्र पंवार ने कहा कि महाराज के आगमन को लेकर सोनीपत में निरंतर कई दिनों से खुशी का माहौल बना हुआ है। आचार्य ने अपने प्रवचनों में हमेशा ही मनुष्य को ईमानदारी, सरल स्वभाव व अपने आचरण को ठीक रखने का संदेश दिया है। भगवान महावीर ने भी पूरे विश्व को प्राणी मात्र के कल्याण का संदेश दिया था, यहां आकर जो भी प्राणी अपना मस्तक नमन करता है उसका जीवन धन्य हो जाता है। भगवान महावीर के समक्ष दर्शन साधना करके असीम शांति की अनुभूति होती है। इस दौरान हेमन्त भूषण जैन, अवनीश जैन, राजेश दहिया, विवेक, प्रवीन, रमेश, जयसिंह, मनीष सहित बड़ी तादाद में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### इंट्रा इंग्लिश क्विज में सागर व इशिका प्रथम

**खरखौदा।** प्रताप स्कूल खरखौदा में कक्षा छठी से आठवीं तक इंट्रा इंग्लिश क्विज का आयोजन किया गया। क्विज में दो-दो विद्यार्थियों की टीम बनाई गई। जिसमें सागर व इशिका ने सबसे ज्यादा स्टीक उत्तर देते हुए पहला स्थान, श्रुति व वंश ने दूसरा, यश राणा व पूर्वी ने तीसरा तथा तन्मय व हर्षिका ने चौथा स्थान प्राप्त किया। क्विज मिडल विंग के इंग्लिश टीचर कोमल डागर, अजमेर सिंह, नवीन कौशिक, हरबीर सिंह व संजीव कुमार की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। मिडल विंग प्रभारी पूजा दहिया ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

### रास्ता रोककर युवक से मारपीट, केस दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव अटेरना-मनौली रोड स्थित होटल के पास हमलावरों ने युवक को रोककर उसकी पिटाई कर दी। गांव मनौली टोंकी निवासी संजय ने बताया कि वह गांव अटेरना से अपने गांव की ओर जा रहे थे। रास्ते में गौरव, केडी और तीन-चार अन्य युवकों ने उन्हें रोककर मारपीट की।

### मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल काबू

**सोनीपत।** शहर थाना सोनीपत पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित महेंद्र निवासी झुग्गी बस्ती औद्योगिक क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत मिल गई। उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त ने गत के दौरान गत 7 दिसंबर को भिरगुनाथ को मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार किया था।

### विश्वकर्मा योजना को लेकर किया जागरूक


**सोनीपत।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जीवीएम गर्ल्स कॉलेज स्थित सभागार में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने किया। उन्होंने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं।

### कबड्डी में सत्यम हाउस ने मारी बाजी


**खरखौदा।** एपी गर्ग स्कूल में कबड्डी का सेमीफाइनल सत्यम हाउस के कप्तान इशांत, शुभम हाउस के कप्तान यश, सुंदरम हाउस के कप्तान हर्ष दहिया और शिवम कैप्टन हर्षित के नेतृत्व में खेला गया। सत्यम हाउस ने प्रथम, सुंदरम हाउस द्वितीय स्थान पर रही।

## सरकारी अस्पतालों में तैनात चिकित्सकों ने रखी हड़ताल, समाधान न होने पर कड़े कदम उठाने की चेतावनी

# ओपीडी में खाली पड़ी रहीं कुर्सियां, मरीज रहे बेहाल



**सोनीपत।** ओपीडी में खाली पड़ी चिकित्सकों की कुर्सियां। फोटो : हरिभूमि



**सोनीपत।** ओपीडी खुलने का इंतजार करते हुए मरीज। फोटो : हरिभूमि



**सोनीपत।** आपातकालीन कक्ष में बैठे मरीज व जानकारी देते हुए युवक व बुजुर्ग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सरकारी चिकित्सकों की हड़ताल के चलते जिला नागरिक अस्पताल, सीएचसी व पीएचसी में ओपीडी बंद रही। सरकारी अस्पतालों के 37 चिकित्सकों ने हड़ताल रखी, इनमें जिला अस्पताल के 20 चिकित्सक शामिल रहे। अस्पतालों में मरीज इलाज के लिए ओपीडी खुलने का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। जिसके चलते उन्हें इलाज कराए बिना वापस लौटने को मजूबर होना पड़ा। विभाग के पास 159 एमबीबीएस चिकित्सक है। मरीजों की सुविधा के लिए आपातकालीन, ऑपरेशन थियेटर, प्रसूति विभाग व पोस्टमार्टम सेवाओं के अलावा डेंटल व आयुर्वेद की ओपीडी चालू रही। विशेषज्ञों के लिए अलग से कैडर बनाने समेत अन्य मांगों को पूरा करने के लिए चिकित्सक लंबे समय से मांग कर रहे है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समाधान नहीं किया तो 29 दिसंबर से सभी सेवाएं बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के जिला प्रधान डा. राहुल आंतिल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञों के लिए अलग से कैडर बनाने की मांग की जा रही है। इसको सीएम की घोषणा में शामिल किया गया था। दो साल बीत जाने के बाद भी कुछ नहीं हुआ। एसोसिएशन की ओर से स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज को भी लिखित में दिया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि सर्विस में चिकित्सकों को जिस वक्त पीजी करने जाना होता है तो एक-एक करोड़ रुपये के दो बांड भरने पड़ते हैं। जो परेशानी का सबब है। हड़ताल के दौरान डा. राजेश सिंघल, डा. विकास चहल, डा. राशि, डा. सीमा, डा. प्रिया, डा. लतिका, डा. संदीप शर्मा, डा. मंजीत राठी समेत अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

### इमरजेंसी चालू

नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर पर हाल के दिनों में दिन भर में करीब 1500 मरीजों का रजिस्ट्रेशन होता था। चिकित्सकों की हड़ताल के चलते ओपीडी सेवाएं बंद रही। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से किए प्रबंध धरातल पर शून्य मिले। दिन भर में महज 30 मरीजों को रजिस्ट्रेन काउंटर पर होने की जानकारी मिली है। हालांकि आपातकालीन कक्ष सहित दंत रोग विशेषज्ञ की ओपीडी सेवाएं चालू रही।

### मेडिकल न बनने से फ्लाइट हुई मिस

अस्पताल में मेडिकल बनवाने आए अभ्यार्थी सुमित ने बताया कि वह दो दिन से मेडिकल प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अस्पताल में चक्कर काट रहा है। उसका सीजीएल का पेपर क्लीयर हुआ है। उसकी कल फ्लाइट भी है, लेकिन चिकित्सकों की हड़ताल के चलते उसके पेपरों पर चिकित्सक के हस्ताक्षर नहीं हुए है। जिसके चलते उसे परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। उसकी कल फ्लाइट भी छूट जायेगी। उसका कागजी कार्य पूरा नहीं हुआ।

### पत्नी की दवाइयों के लिए आया बुजुर्ग खाली लौटा

गन्नौर निवासी बुजुर्ग दिलबाग ने बताया कि उसकी पत्नी शंकुतला के साथ कई बार अस्पताल में आ चुका है, लेकिन उसे काले पीलिया की दवाइयां नहीं मिली। आज वह सुबह आठ बजे से अस्पताल में आया हुआ है। उसने 9 बजे जानकारी मिली कि अस्पताल के चिकित्सक हड़ताल है। जिसके चलते उसे परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

### निजी चिकित्सक करेंगे मरीजों का इलाज

चिकित्सकों की हड़ताल को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया दिया गया है। आगामी 29 दिसंबर से चिकित्सक हड़ताल पर जाने का ऐलान कर चुके है। एनएचएम के तहत कार्यरत चिकित्सकों के सहारे मरीजों को उपचार दिया जा रहा है। मामले में सरकार को फैसला लेना है। वहीं जिला स्वास्थ्य अधिकारी से बातचीत की गई है। जरूरत पड़ने पर आईएमए व निजी चिकित्सकों को अस्पताल में बुलाया जाएगा। जो मरीजों के उपचार के लिए उपलब्ध रहेंगें।

# गिरफ्तारी के आश्वासन पर धरना समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** थाना प्रभारी रवि कुमार धरने पर बैठे कर्मचारियों को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए।

भांवर गांव में बिजली चोरी पकड़ने की गई टीम के साथ हुई मारपीट के विरोध में शहरी कार्यालय के बिजली कर्मी भी कामकाज छोड़ कर धरने पर बैठ गए। बिजली निगम के कर्मचारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। बिजली कर्मियों ने कहा कि गन्नौर पुलिस ने टीम के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ मामला तो दर्ज कर लिया, लेकिन अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं की। जब तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होती तब तक उनकी हडताल जारी रहेगी। बिजली निगम के कर्मचारियों के धरने पर बैठने की सूचना पर गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार गढ़ी झंझारा रोड स्थित ग्रामीण कार्यालय पर पहुंचे। उन्होंने धरना दे रहे यूनियन के पदाधिकारियों व बिजली कर्मियों को बताया कि पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर गंभीर है। मारपीट करने के आरोपित फरार चल रहे हैं, लेकिन पुलिस की टीम उनका पता लगाने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बुधवार देर रात तक पुलिस मामले में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार कर लेगी। जिसके बाद कर्मचारियों ने धरना समाप्त कर दिया, लेकिन गिरफ्तारी न होने पर बृहस्पतिवार को फिर से धरने पर बैठने की चेतावनी थी दे दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए बिजली निगम के एक्सईएन अश्वनी कौशिक, एसडीओ सचिन दहिया, एसडीओ प्रवीन कुमार भी एसडीएम डा. निर्मल नागर से मिले। उन्होंने भी एसडीएम से मामले में कड़ी कार्रवाई करवाने की मांग की। इसके बाद एसडीएम ने एसीपी गन्नौर गोरखापाल राणा से बातचीत करने के बाद निगम के अधिकारियों को मामले में कड़ी कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया।

# डॉ. राजेंद्र टोंक कांग्रेस में शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने नई दिल्ली में सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में सोनीपत के गांव बैंय्यापुर निवासी प्रख्यात चिकित्सक राजेंद्र सिंह टोंक को पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में डॉ. टोंक अपने 200 से अधिक समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गये। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया और कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भी मौजूद रहे। ज्वाइनिंग के दौरा डॉ. टोंक ने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस को सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के अलावा पूरे हरियाणा में मजबूत करने में कोई कसर बाकी नहीं छोडेंगे।

डॉ. राजेंद्र सिंह टोंक राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नयी दिल्ली के वीआईपी नसिंर्ग होम में बतौर इंचार्ज लंबे समय तक सेवायें दे चुके हैं। उनके पिता चौ. रणधीर सिंह रोहतक से सांसद और सिक्किम के राज्यपाल रह चुके हैं। डॉ. टोंक पिछले 20 साल में सोनीपत के अलावा कई स्थानों पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाई।




### चार दिन में बना दिए 40 जिलाध्यक्ष



जिले के एक माननीय के भाई जिनके पास संगठन का कोई पद नहीं है, इसके बावजूद खुद को वरिष्ठ नेता कहलवाना पसंद करते हैं, आजकल चर्चा में हैं। दरअसल सत्ताधारी पार्टी के जिलाध्यक्ष पद के लिये खोज शुरू हो चुकी है। ऐसे में माननीय के भाई सक्रिय हो चुके हैं। चार दिन में 40 को जिलाध्यक्ष का तमगा पहना चुके हैं, सभी को आश्वासन देते हैं कि तुम्हें जिलाध्यक्ष बनवाकर लाउंगा।

### माननीय पर ठपा पड़ रहा भारी



भाई के बाद अब हम उन माननीय की बात करते हैं, जोकि संगठन में बड़े पद पर हैं। उनके पद पर अब खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। किसी ने बताया है कि कुछ समय पहले ही प्रदेश स्तर पर पार्टी में जो परिवर्तन हुआ है उसके बाद से माननीय का पद खतरे में हैं, क्योंकि माननीय पर पुराने वाले अध्यक्ष जी का ठपा लगा हुआ है। ये वो ही नेताजी हैं, जो समर्थकों के मुंह से खुद को लोकसभा के लिए तैयार बता रहे थे।

### चुनाव लड़ने के लिए प्रधानी से मिया मना



एक बड़ी पार्टी के जिला प्रधान अपनी प्रधानी छोड़ने जा रहे हैं। सुनने में आया है प्रधानी का कार्यकाल खत्म हो रहा था तो प्रधानी के लिये फिर से निमंत्रण दिया गया। लेकिन प्रधान जी ने चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करते हुए दोबारा से प्रधान बनने से मना कर दिया है। कोई कह रहा था कि पिछला चुनाव भी अच्छे खासे मार्जन से हारने वाले नेताजी अपनी प्रधानी भी छोड़ रहे हैं। कहीं ऐसा ना हो कि चुनावों के चक्कर में प्रधानगी भी गवां दें और चुने भी ना जाएं।

### पूर्व प्रधानमंत्री की तस्वीर हटाई, रखा केक



पिछले दिनों एक अधिकारी का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम था कुछ और बना दिया कुछ और। कार्यक्रम में एक टेबल पर पूर्व प्रधानमंत्री की तस्वीर और उसके आगे फूल रखे हुए थे। जैसे ही कार्यक्रम समाप्त हुआ तो यहां से पूर्व प्रधानमंत्री की तस्वीर हटा दी और केक रख दिया। बस फिर क्या था, उसके बाद शुरू हुआ जन्मदिन के गानों का सिलसिला। आखिरी बात ट्रैकसूट वाली मैडम ने तो जन्मदिन के दो गाने गा दिए थे।

### पिछली बार से अधिक रकम जुटा गई मैडम



पिछले दिनों सुभाष स्टेडियम में दो दिवसीय एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम को ट्रैकसूट वाली मैडम की देखरेख में आयोजित किया गया था, इन्हीं मैडम ने पिछले साल भी इस कार्यक्रम की देखरेख की थी। खास बात ये है कि मैडम का क्षेत्र और पोस्ट बदल गई है। इसके बावजूद मैडम को आगे रखने के मायने समझ नहीं आए। किसी ने बताया है कि मैडम ने बजट में अच्छा-खासा हाथ मारा है, ये रकम पिछली बार से कुछ ज्यादा ही बताई जा रही है।

# किसानों को दोनों हाथों से लूट रही सरकार:दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



वर्ष 2006 में राजीव गांधी एजुकेशन सिटी राई के अंतर्गत सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण की गई थी। उस समय सरकार ने मुख्य रूप से आठ गांव, सेवली, खेवड़ा, जाखौली, बढ़खालसा, पतला, असावरपुर आदि गांवों की जमीन अधिग्रहण की थी। इस गांवों के संबंधित किसानों का कहना है कि उस समय सरकार ने किसानों से जमीन के बदले रिहायशी प्लाट देने का वायदा किया था। सरकार ने 7600 रुपए प्रति गज के हिसाब से प्लाटों के रेट तय किए गए थे। साथ ही 50 हजार रुपए हर किसान से प्लाट लेने के लिए जमा करवाए गए थे। इस मामले में राई के पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया ने बताया कि जिन किसानों ने 20 वर्ष पहले जमा करवाया था। उस रकम पर ब्याज देने की बजाय सरकार ने वर्ष 2018 में 19000 रुपए प्रति गज के हिसाब से प्लाटों की कीमत तय कर दी। इसके खिलाफ किसान कोर्ट में चले गए थे और हाई कोर्ट ने उन्हें रियायत देते हुए ये रुपए 6 किश्तों में देने की छूट दे दी थी। अब 2023 में सरकार ने वादा खिलाफी करते हुए 30000 रुपए प्रति गज के हिसाब से रेट तय कर दिए हैं।

# वार्षिक उत्सव में विद्यार्थी सम्मानित






**गन्नौर।** प्रधानाचार्य मुख्यातिथि स्कूल मैनेजर, शिक्षाविद अनीता वडेरा का स्वागत करते एवं सांस्कृतक कार्यक्रम में बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गढी झंझारा रोड स्थित जयंती प्रसाद डीएवी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव शिखर की ओर बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि स्कूल मैनेजर, महान शिक्षाविद अनीता वडेरा ने शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश ने स्कूल मैनेजर वडेरा का बुके देकर स्वागत किया। प्रधानाचार्यचंद्र प्रकाश ने डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल सोनीपत के प्रधानाचार्य अरुण वर्मा, डीएवी पब्लिक स्कूल रोहतक की प्रधानाचार्या रीतु वर्मा व महक फौगाट का बुके देकर सम्मान किया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की गई। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों द्वारा स्वागत गीत, हरियाणवी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, भांगड़ा, माइम एवं जीवन के रंग, नवरस के संग के अंतर्गत वीर रस, रौद्र रस, करुण रस, हास्यरस, शांत रस आदि मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवन के विभिन्न रंगों को दर्शाया गया। मुख्य अतिथि बडेरा ने कहा कि आज का सांस्कृतिक कार्यक्रम वास्तव में कामयाबी के शिखर को छू रहा है और शिखर की ओर अपने नाम को भी सार्थक कर रहा है। वार्षिकोत्सव में राज्य स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले 35 गोल्ड मेडलिस्ट, 23 सिल्वर मेडलिस्ट और 15 ब्रोंज मेडलिस्ट विजेताओं को सम्मानित किया गया। भारत को जानो प्रतियोगिता में भी पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## दिशा निर्देश — पेजयल पंचायत में पानी की समस्या का करेंगे समाधान

# जल को व्यर्थ बहाने और दुरूपयोग करने वालों का काटे चालान: उपायुक्त

- उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत डिस्ट्रक्टि वाटर एंड सेनिटेशन मिशन की बैठक में दिए दिशा-निर्देश
- जिस गांव में पंचायत होगी वहां वे स्वयं भी गांव में आपूर्ति किये जाने वाले पानी को ही पीयेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** अधिकारियों की बैठक करते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने जल जीवन मिशन के तहत डिस्ट्रक्टि वाटर एंड सेनिटेशन मिशन की बैठक लेते हुए पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में शुद्घ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके लिए उन्होंने जल की बर्बादी पर भी रोक लगाने के कड़े निर्देश दिए, जिसके अंतर्गत उन्होंने जल को व्यर्थ बहाने और दुरुपयोग करने वालों के चालान करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि जिसका कनेक्शन काटा जाए उनको फिर नये सिरे से नया कनेक्शन लेने के लिए आवेदन करवायें।

उपायुक्त ने सोनीपत जिले में शुद्घ पेयजल आपूर्ति के साथ गंदे व बरसाती पानी की निकासी की बेहतरीन व्यवस्था स्थापित करने के लिए विस्तार से मंथन किया। उन्होंने कहा कि वे गांवों में पेयजल पंचायत का आयोजन करेंगे, जिसमें जनता के साथ जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। पेयजल पंचायत में पानी की सामूहिक समस्याओं की सुनवाई करते हुए समाधान करवायेंगे। उन्होंने चेताया कि जिस गांव में पेयजल पंचायत होगी वहां वे स्वयं भी गांव में आपूर्ति किये जाने वाले पानी को ही पीयेंगे। पेयजल पंचायत का आयोजन जिला व उपमंडल स्तर पर किया जाएगा। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने निर्देश दिए कि सरकारी स्कूलों, आंगनवाड़ियों तथा अस्पतालों और पशु अस्पतालों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। पेयजल को लेकर मिली शिकायतों पर भी उन्होंने चर्चा करते हुए तुरंत समाधान करवाने के निर्देश दिए, जिनमें मुख्य रूप से मंडोरी, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कालोनी, टोंकी मनोली की समस्याएं शामिल रही।

उपायुक्त ने जलापूर्ति की पूर्ण रिपोर्ट तलब की। उन्होंने जानकारी ली कि कैनाल व ट्यूबवैल के माध्यम से कहां किस प्रकार से कितने प्रतिशत जलापूर्ति दी जा रही है। उन्होंने रिपोर्ट मांगी की कि 400 टीडीएस तक कितने गांवों में जलापूर्ति है और 400 से 500 और इससे अधिक टीडीएस वाले पानी की आपूर्ति किन गांवों में हो रही है। बैठक में डीडीपीओ राजपाल चहल, एसई राजीव गुप्ता, एक्सईएन मोहम्मद अशीफ, एक्सईएन नवीन कुमार गोयत, कैमिस्ट दीपिका, जोगेंद्र, विरेंद्र, विकास शर्मा आदि संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से घायल मोटरसाइकिल चालक की मौत

- बेगा रोड पर दातौली गांव के पास हुआ हादसा
- गन्नौर गांव से लौट रहा था बेगा गांव का बाइक सवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बेगा रोड पर दातौली गांव के पास एक ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में बेगा गांव के रिंकू ने बताया कि उसका बड़ा भाई बिट्टू 26 दिसंबर को मोटरसाइकिल पर गन्नौर से गांव लौट रहा था। जब वह दातौली गांव के पास रजवाहे पर पहुंचा तो सामने से उनके गांव का कामिल तेज रफ्तार से ट्रैक्टर चलाता हुआ आया और उसके भाई की मोटरसाइकिल को अपने ट्रैक्टर की ट्राली से साइड मार दी। जिससे उसका भाई मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद उसके भाई को गन्नौर उपमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे खानपुर मेडिकल रैफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसके भाई ने दम तोड़ दिया।